**हरित पहल के अंश के रूप में बीईएमएल, बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में कुकिंग ईंधन की आवश्यकताओं के लिए जैव-गैस**

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक उपक्रम है, हरियाली और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने में लगातार लगे रहता है। ऐसी पहलों के अंश के रूप में, बीईएमएल ने कुकिंग ईंधन की आवश्यकता को पूरा करने में अपनी आंतरिक खपत के लिए बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में एक जैव-गैस संयंत्र की स्थापना की है।

बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में आज सम्पन्न समारोह में श्री सुभाष चंद्र, आईएएस, अतिरिक्त सचिव, रक्षा उत्पादन, रक्षा मंत्रालय और श्री डी.के. होता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीईएमएल ने कंपनी के निदेशक और वरिष्ठ कार्यपालकों की उपस्थिति में जैव गैस संयंत्र का उद्घाटन किया।






BIOGAS
Natural energy solutions
ಜೈವಿಕ ಅನಿಲ ಸ್ಥಾವರದ ಉದ್ಘಾಟನೆ
जैव गैस संयंत्र का उद्घाटन INAUGURATION OF BIO-GAS PLANT
बी ई एम एल
beml
NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

इस जैव गैस संयंत्र में प्रतिदिन 500 किलोग्राम इनपुट जैव अपशिष्ट की क्षमता है और प्रति दिन लगभग 15 किलोग्राम जैवगैस उत्पन्न करता है। एलपीजी गैस सिलेंडर की बचत लगभग 19 नग (390 किलोग्राम) प्रति माह है। इस तरह उत्पन्न जैव गैस को कॉम्प्लेक्स के कैंटीन में रसोई की आवश्यकताओं के लिए उपयोग किया जाएगा।

**अन्य हरित पहल**

बीईएमएल अपनी आत्म खपत के लिए पवनचक्कियों और सौर ऊर्जा संयंत्र के माध्यम से बिजली पैदा करता है और इसके विभिन्न कॉम्प्लेक्सों और टाउनशिपों में भी 'प्लास्टिक रहित क्षेत्र' सृजित किया गया है। हरियाली को बढ़ावा देने और पर्यावरण की रक्षा के लिए बीईएमएल कर्मचारियों और अधिकारियों को भी पौधों को वितरित किया जाता है।